रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10122024-259319
CG-DL-E-10122024-259319

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4927] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 10, 2024/ अग्रहायण 19, 1946
No. 4927] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 10, 2024/ AGRAHAYANA 19, 1946

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर, 2024

का.आ. 5323(अ).—भारत के राजपत्र असाधारण का.आ. 3974(अ), तारीख 6 सितंबर, 2023, द्वारा प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी, जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 11 सितंबर, 2023 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना की बाबत व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था;

और, भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान 145 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और जिसे अधिसूचना संख्या 19686/एफ एण्ड ई तारीख 16.09.1998, ओडिशा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है और यह ओडिशा राज्य के केंद्रपाड़ा जिले की राजनगर तहसील में स्थित है;

और, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य **673** वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और ओडिशा राज्य के केंद्रपाड़ा जिले के राजनगर, कनिका और महाकालपाड़ा तहसील में स्थित है। वन एवं पर्यावरण विभाग, ओडिशा राज्य सरकार की अधिसूचना सं. एफई-डब्लयू एल-डब्लयू एल एफ -0054-2015-2289, तारीख 01.02.2020 के द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 26क के 3 उपवाक्य (ख) सहित उपधारा (1) के अंतर्गत भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा को युक्ति संगत और पुन: अधिसूचित किया गया है। जिसके तहत 52 गाँवो को, जिनका कुल क्षेत्रफल 55.45 वर्ग किलोमीटर होता हैं, को इसमें से निकालकर बाहर कर दिया गया है महाकालपाड़ा तहसील के 8 वन ब्लॉक को, जिनका कुल क्षेत्रफल 55.45 वर्ग किलोमीटर होता हैं, इसमें मिला दिया गया है।

और, गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य 1435 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसे उड़ीसा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या 8एफ(डब्लयू एल) 4/97-18805/एफ एण्ड ई तारीख 27.09.1997 द्वारा अधिसूचित किया गया है और ओडिशा राज्य में केंद्रपाड़ा जिले के राजनगर और महाकालपाड़ा तहसील में स्थित है;

और, भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान की सीमा भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य के अन्दर है और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य की पूर्वी सीमा से संलग्न है और ये संरक्षित क्षेत्र संलग्न भूमि और जल निकाय का निर्माण करते है जिनकों पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के रुप में अभिज्ञात किया गया है;

और, यह संरक्षित क्षेत्र जैव विविधता में धनी और अत्याधिक उपजाऊ पारितंत्र है जिसमें इश्वूरीयन और समुद्री पारितंत्र के साथ-साथ अकशेरुकी कि 61 प्रजातियाँ जैसे प्रोटोजोआ (2 प्रजाति), कोइलिनट्रेरेट्स (3 प्रजाति), मोलस्का (7 प्रजाति), एनिलेड्स (34 प्रजाति), अर्थौपोड्स (15 प्रजाति) और कशेरूकी जैसे मछलियाँ (20 प्रजाति), उभयचरों की (5 प्रजाति) और सरीसृपों की (42 प्रजाति), पक्षियों की (280 से अधिक प्रजातियाँ), स्तनधारियों की केटासियन्स सहित 28 प्रजातियाँ पायी जाती हैं;

और, भीतारकनिका क्षेत्र में भारत की एश्चुअरिन मगरमच्छ की सबसे बड़ी प्राकृतिक आबादी है और यह क्षेत्र सरीसृप विविधता के लिए जाना जाता है। एशिया के सबसे बड़े बगुले इस क्षेत्र में पाये जाते है जोकि मानसून के समय की एक वार्षिक क्रियाकलाप है और भीतारकनिका आर्द्रभूमि में सर्दियों आने वाले प्रवासियों की संख्या हर वर्ष एक लाख से अधिक होती है;

और, ओडिसा राज्य का भीतारकनिका दूसरा रामसार स्थल है जो अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रुप में विख्यात है और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य ओलिव रिडले समुद्री कछुए के सामुहिक घोसलें के लिए, दुनियाभर में जाना जाता है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की सूची में सम्मिलित और अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक संरक्षण संघ (1972 का 53) की रेड डाटा पुस्तक की सूची में सम्मिलित वनस्पतियों और जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियाँ इन संरक्षित क्षेत्रों में उपलब्ध है;

और, इस क्षेत्र में विद्यमान दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटापन्न जीव प्रजातियां फैन थ्रोटेड लिजार्ड (*सीताना पोंटिसरियाना*), स्किंक (*रियोपा पंक्टेट*), ग्रेट कॉर्मोरेंट (*फालाकोकोरैक्स कार्बो*), लिटिल ग्रीबे (*टैचीबैप्टस रूफिकोलिस*), ब्राह्मणी काइट (*हैलियास्टुर इंडस*), स्मॉल प्रेटिनकोल (*ग्लेरियोला लैक्टियल*), इंडियन स्किमर (*रिनचोप्स एल्बिकोलिस*), बौला कुंभीरा (*क्रोकोडायलस पोरसस*), ओलिव रिडले टर्टल (*लेपिडोचेलिस ओलिवेसिया*), पानी गोधी (*वारानुस साल्वेटर*), अजगर (*पायथन मोलुरस*), बटागुर टर्टल (*बटागुर बासका*), नाबारंगी (*पिट्टा मेगारिन्चा*), आदि है;

और, संरक्षित क्षेत्र में विद्यमान स्तनपायी प्रजातियां स्पोटेड डीयर (*एक्सिस एक्सिस*), सांबर (*सर्वस यूनिकलर*), भारतीय जंगली सुअर (*सस स्क्रोफा*), एशियाटिक जैकाल (*कैनिस ऑरेकस*), फिशिंग कैट (*फेलिस विवेरिना*), जंगली बिल्ली (*फेलिस चौस*), लेपर्ड कैट (*फेलिस बेंगालान्सिस*), लकड़बग्घा (*हायना हायना*), साधारण नेवले (*हर्पेस्टेस एडवर्ड्सी*) ओटर (*लूट्रा पर्सपिसिलाटा*), स्मॉल इंडियन सिवेट (*विवरिकुला इंडिका*), भारतीय शाही (*हिस्ट्रीक्स इंडिका*), रीसस मकाक (*मकाका मुलाट्टा मुलाट्टा*), गैंगेटिक डॉल्फ़िन (*प्लैटमिस्टा गैंगेटिका*), हंपबैक डॉल्फ़िन (*सूसा चिनकुसिस*), इरावाडी डॉल्फ़िन (*ओर्केला ब्रेविरोस्ट्रिस*), और इंडियन मोल रैट (*बैंडिकोटा बेंगालेंसिस*), आदि हैं;

और, इस क्षेत्र में विद्यमान दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटापन्न पुष्पों की प्रजातियां पनियम्बा (*सेरबेरा ओडोलम*), ओनरा (*अगलिया कुकुलाटा*), मासिथा (*इंट्रिसया बिजुगा*), हरकांचा (*एकेंथस इलिसिफोलियस*), बनारुआ (*एजियलिटिस रोटुंडिफोलिया*), खार्सि (*एजिसरस कॉर्निकुलटम*), बड़ा बानि (*एविसेनिया ऑफिसिनैलिस*), लटि सुंदरी (*ब्राउनलोविया टेरसा*), कलियाचुआ (*ब्रुगुएरा सिलिंड्रिका*), गरनी (*सेरियोप्स डिकेंड्रा*), काला कटिरानाई (*डेरिस ट्रिफोलियटा*), सुंदरी (*हेरिटिएरा फॉमेस*), सिंधुका (*कंडेलिया कैंडेल*), चुरुंडा (*लुम्नित्ज़ेरा रेसमोसा*), नलिया घासा (*मायरियोस्टाच्या वाइटियाना*), राई (*रहिज़ोफोरा एपिकुलाटा*), हेंटल (*फीनिक्ष पलुडोसा*), गोदा बानि (*सेसुवियम पोर्टुलाकास्ट्रम*), ओरुआ (*सोन्नेराटिया अल्बा*), केरुआन (*सोन्नेराटिया एपेटेला*), ओरुआ (*सोन्नेराटिया केसोलारिस*), गिरिया (*सुएडा मरिटाइम*), गिरिया (*सुएडा नुडिफ्लोरा*), जगुला (*टामारिक्स ट्रौपी*), पिटामारि (*ज़ाइलोकार्पस मेकोन्गोंसिस*), ढाला बानि (*एविसेन्निया अल्बा*), बंडारी (*ब्रुगुएरा जिमनोरहिज़ा*), डोट (*ब्रुगुएरा परविफ्लोरा*), खासाइ लाटा (*फिनलासोनिया ओबोवाटा*), बटुला (*सालिकोर्निया ब्राचीआटा*) आदि हैं;

और, भीतारकनिका आर्द्रभूमि क्षेत्र में मैंग्रोव की जैव विविधता उच्चतम जैव विविधता में आती है, जिसमें मैंग्रोव की 88 प्रजातियों और उनके सहयोगियों की टैक्सोनॉमिक रूप से पहचान की गई है। यह क्षेत्र भीतारकनिका क्षेत्र की एक स्थानिक प्रजाति कनिका सुंदरी (*हेरिटिएरा कनिकेंसिस*) पायी जाती है;

और, भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को निषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उप-धारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार मंत्रालय की प्रारुप अधिसूचना का. आ. 1601(अ), तारीख 16 जून, 2015 का अधिक्रांत करते हुए उन बातों के सिवाय अधिक्रान्तक जिन्हे ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया हो या करने का लोप किया गया है। अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारुप, ओडिसा राज्य के भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0.10 किलोमीटर से 8.7 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र को भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी-संवेदी जोन (जिसके पश्चात् पारिस्थितिकी-संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, यथा:-

1. **पारिस्थितिकी-संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**-(1) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन का क्षेत्र भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान**,** भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के आसपास 0.10 किलोमीटर से 8.7 किलोमीटर की सीमा तक 497.67 वर्ग किलोमीटर होगा।

(2) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध –I** के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी-संवेदी जोन को सीमांकित करते हुए भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान**,** भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य के मानचित्र **उपाबंध –IIक, उपाबंध –IIख** और **उपाबंध–IIग** के रूप में संलग्न हैं।

(4) भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान**,** भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा का भू-निर्देशांकों **उपाबंध -III** की सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध –IV** के रुप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना. –(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के अनुसरण में राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और में आंचलिक महायोजना तैयार और अधिसूचित करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना को इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तत्समय प्रवृत विधि के लिए सुसंगत विधियों तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप यदि कोई हों, तैयार किया जायेगा।

(3) आंचलिक महायोजना को उक्त योजना में पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण विचारों को समाहित करने के लिए, राज्य सरकार निम्नलिखित विभागों के साथ परामर्श तैयार किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिचांई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज; और

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में तब तक विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन तब तक नहीं अधिरोपित किया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना की सभी अवसंरचनाओं और उसके क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना, में वनरहित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं का उपबंध किया जाएगा, जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है ।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि, उद्यानों और उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा, सहायक मानचित्रों के साथ जिनमें विद्यमान तथा प्रस्तावित भू-उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों का निर्धारण किया जाएगा।

(7) इस आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के विकास का विनियमित किया जायेगा और पैरा 4 की सारणी में दिये गये प्रतिसिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन किया जाएगा और स्थानीय समुदायों की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित किया जाएगा और उसे बढावा दिया जायेगा।

IndiaCode

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आंचलिक महायोजना मॉनीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी जिससे वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

(10) आंचलिक महायोजना की तैयारी लंबित रहने के दौरान और अनुमोदन तक, नई विकासात्मक क्रियाकलापओं को पैरा 6 के उप-पैरा (1) और (2) में विनिर्दिष्ट उपबंधों द्वारा नियंत्रित किया जाएंगा।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन की अनुमति नहीं होगी:

परंतु पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर कृषि और अन्य भूमि, मॉनीटरी समिति की सिफारिश पर तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के पूर्व अनुमोदन से स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं और क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुमति दी जा सकेगी, जैसे,-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) अवसंरचना और नागरिक सुविधाओं का सन्निर्माण और नवीनीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) पैरा-4 के मद में यथा उल्लिखित बढ़ावा दिए गए क्रियाकलापः

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, मॉनीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा:

अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के कार्यकलापों से पुन: वनीकरण किए जाने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- सभी प्राकृतिक जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा मार्गदर्शक सिद्धांत इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया गया हो ।

IndiaCode

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी-संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुमत होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें से जो भी अधिक निकट हो: किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण या व्यापारिक प्रतिष्ठान अनुमत नहीं किया जाएगा,

परंतु यह, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना और व्यापारिक प्रतिष्ठान अनुमत होगी;

(ii) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना के अनुमोदन नहीं मिल जाता, तब तक पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार की अनुमति विनियामक प्राधिकारी द्वारा वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा और मॉनीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर दी जाएगी।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसरण में किया जाएंगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.** - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण.** - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण; - जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट. -** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबन्धन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक सामग्री का निपटान पर्यावरणीय रीति में पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर अभिज्ञात स्थल पर किया जाएगा ।

India Code

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जायेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन. –** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों अनुसार किया जाएगा।

(14) **वाहन जनित.-** वाहन जनित को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, मॉनीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार वाहन जनित के अनुपालन की मॉनीटरी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात् पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वर्ष, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची-

पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम उसके अधीन बने नियमों जिसमें तटीय विनियमन जोन, और अन्य अधिसूचनाओं, केंद्रीय सरकार के विधियों और अधिनियमों, पर्यावरण और वनों से संबंधित अधिसूचना संख्या 1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 व अन्य लागू नियमों के उपबंधों तथा उनमें समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	वर्णन
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयाँ।	(क) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक रूप से रहने वाले स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं, जिसमें मकानों के निर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन कार्य टी. एन. गोदावर्मन तिरुमुलपाद बनाम भारत संघ रिट याचिका सं. 1995 का 202 में गोवा फाउडेशन बनाम भारत संघ रिट याचिका 2012 का 435 के मामले में और आईए. सं. 2003 का 1000 के तारीख 03.06.2022 के निर्णय में और उसके पश्चात् आईए. सं. 2022 का 131377 के तारीख 26.04.2023 और 28.04.2023 के निर्णय में माननीय उच्चतम न्यायालय के आये आदेशों के अनुसार ही किये जायेगें।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) पैदा करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में नये उद्योगों और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगी।
3.	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	प्रतिषिद्ध।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण।	प्रतिषिद्ध।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण।	प्रतिषिद्ध।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों के विस्तार की अनुमति नहीं होगी।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।
8.	पॉलीथिन बैग का प्रयोग।	प्रतिषिद्ध।
9.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	प्रतिषिद्ध।
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
10.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु व अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए होटलों, रिसोर्टों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के स्थापना की अनुमति नहीं होगी:

		परंतु कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी ।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार की कोई नए वाणिज्यिक निर्माण की अनुमति नहीं दी जायेगी; परंतु कि स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में वर्णित क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए निर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी: परन्तु यह और कि यह कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही किये जा सकेंगे और इनको कम से कम ही रखा जायेगा। (ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	वर्ष, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी समय-समय पर यथा संशोधित उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी-संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
13.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
15.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जा सकेगा)।
16.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों, नियमों और विनियमों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार शमन का उपाय किया जाएगा।
17.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों, नियमों और विनियमों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार शमन का उपाय किया जाएगा।

18.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी-संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उड़ाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
20.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
21.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुमत होंगे।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या भू -क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे और उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सरण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
24.	फर्मों, निगम और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से मॉनीटरी की जाएगी।
26.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	विधि के अधीन यथा अनुमत होगा। ।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	विधि के अधीन यथा अनुमत होगा।
28.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	विधि के अधीन यथा अनुमत होगा।
29.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग ।	विधि के अधीन यथा अनुमत होगा।
ग.संवर्धित क्रियाकलाप		
30.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा ।
33.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा ।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय संवर्धन किया जाएगा।

35.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा।
36.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा।
37.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का प्रयोग।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा।
38.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा।
39.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा।
40.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा।

5. मॉनीटरी समिति.- केंद्रीय सरकार इसके द्वारा एक मॉनीटरी समिति का गठन करती है जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होते हैं, अर्थात्. -

क्र.सं.	मॉनीटरी समिति का गठन	पद
1.	जिला कलेक्टर, केंद्रपारा	अध्यक्ष, पदेन;
2.	कलेक्टर, भद्रक का एक प्रतिनिधि	सदस्य, पदेन;
3.	पुलिस अधीक्षक, केंद्रपारा	सदस्य, पदेन;
4.	पुलिस अधीक्षक, भद्रक का एक प्रतिनिधि	सदस्य, पदेन;
5.	सदस्य सचिव, ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का एक प्रतिनिधि	सदस्य, पदेन;
6.	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) का तीन वर्ष की अवधि के लिए समय- समय पर भारत सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि	सदस्य;
7.	समय-समय पर उड़ीसा सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट तीन वर्ष की अवधि के लिए पारिस्थितिक और पर्यावरण क्षेत्र का एक विशेषज्ञ	सदस्य;
8.	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला जैव विविधता में एक विशेषज्ञ।	सदस्य, पदेन;
9.	संभागीय वनाधिकारी, भद्रक वन्यजीव प्रभाग	सदस्य, पदेन;
10.	संभागीय वन कार्यालय-सह-वन्यजीव वार्डन, मैंग्रोव वन प्रभाग (वन्यजीव) राजनगर	सदस्य- सचिव, पदेन;

6. मॉनीटरी समिति के कृत्य: - (1) पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मॉनीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति लेने के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(2) जो क्रियाकलाप उप-पैरा (1) में विनिर्दिष्ट अधिसूचना की अनुसूची में सम्मिलित नहीं हैं और जो पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में आती हैं, उनके पैरा 4 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट निषिद्ध क्रियाकलापों को छोड़कर, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मॉनीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

IndiaCode

(3) मॉनीटरी समिति का सदस्य-सचिव या उपायुक्त या उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(4) मॉनीटरी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या पणधारियों को, प्रत्येक मामले मे अपेक्षा के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(5) मॉनीटरी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, उपाबंध-V में विनिर्दिष्ट प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी, इस अधिसूचना के साथ संलग्न है ।

(6) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मॉनीटरी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. अतिरिक्त उपाय. - इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. उच्चतम न्यायालय, आदेश आदि. - इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/04/2014-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सु. केरकट्टा,वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध – I

ओडिशा राज्य के भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा का वर्णन

अनूसुची-क

पारिस्थितिकी-संवेदी जोन की सीमा रेखा बिंदु सं. 1 उ-20°19'59.2" पू-86°45'39" से दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 2 उ-20° 16'33.5" पू- 86 °56'11.82" गहिरमाथा समुद्री वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से समुद्र पर 2 किमी. की दूरी पर तक जाती है। इसके बाद यह सीमा रेखा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 2 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 3 उ-20° 24'39.5" पू- 87° 1'12.32" तक समुद्र पर 1 किमी. की दूरी पर गहिरमाथा समुद्री वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से उत्तर-पूर्व दिशा की ओर चलती है। फिर सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 3 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 4 उ-20° 38 24.7" पू-87°16'58.97" तक गहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव की सीमा के बाहर समुद्र पर 1 किमी. की दूरी तक चलती है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 4 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 5 उ-20° 43 33.4" पू-87°18'18.71" गहिरमाथा समुद्री वन्यजीव अभयारण्य की सीमा तक उत्तर दिशा में समुद्र पर 1 किमी से 2 किमी. की दूरी तक जाती है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 5 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 6 उ-20° 48 2.96" पू-87°8'1.84" समुद्र पर उत्तर-पश्चिम दिशा में गहिरमाथा समुद्री वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के बाहर 2 किमी. की दूरी तक जाती है। फिर से सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 6 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 7 उ-20° 45 1.11" पू-87° 3'31.31" दक्षिण-पश्चिम दिशा में गहिरमाथा समुद्री वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के बाहर 2 किमी. की दूरी (ब्राह्मणी और बैतरणी नदी का मुहाना) तक जाती है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 7 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 8 उ-20° 47' 43.6" पू- 86° 58'5.34" तक उत्तर-पश्चिम दिशा में भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और धमारा नदी के मध्य बिंदु की सीमा से 2 किमी. की दूरी पर मिलता है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 8 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 9 उ-20° 48 1.55" पू-86° 56'58.35" भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से पश्चिम दिशा में भद्रक जिले के भूमि द्रव्यमान पर 0.560 किमी से 2 किमी. तक जाती

है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 9 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 10 उ-20° 47 3.43" पू-86° 49'13.23" भद्रक जिले में भीतारकनिका वन्यजीव अभ्यारण्य की सीमा के बाहर पश्चिम दिशा में 2 किमी. की दूरी तक जाती है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 10 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 11 उ-20° 44 30.2" पू-86°38'58.77" भद्रक और केंद्रपाड़ा जिले में पश्चिम दिशा में भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के बाहर 2 किमी. की दूरी तक जाती है। कस्तूरिकाना पारिस्थितिकी पर्यटन साइट के पास, 1.33 वर्ग किमी. का क्षेत्रफल पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व-परिभाषित और विनिर्दिष्ट क्षेत्र का हिस्सा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन से बाहर रखा गया है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 11 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 12 उ-20° 37' 46.6" पू-86° 39'28.09" दक्षिण दिशा में भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के बाहर 2 किमी. की दूरी तक जाती है। पुनः सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 12 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 13 उ-20° 34 32.9" पू-86°41'26.86" तक दक्षिण दिशा में 2 किमी. से 8.7 किमी. की दूरी तक जाती है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 13 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 14 उ-20° 27 34.8" पू- 86° 39' 48.18" तक दक्षिण दिशा में 2 किमी. से 5 किमी की दूरी तक जाती है। पुनः सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 14 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 15 उ-20° 23 37.6" पू-86° 43'33.72" तक भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा दक्षिण-पूर्व दिशा में 2 किमी. से 1.2 किमी. की दूरी तक जाती है। पुनः सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 15 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 16 उ-20° 20' 7.19" पू- 86° 41' 53.66" भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य के दक्षिण दिशा में सीमा के बाहर 0.3 किमी. से 0.10 किमी. की दूरी पर चलती है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 16 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 17 उ-20° 19 30.2" पू-86° 43' 22.94" भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य दक्षिण-पूर्व दिशा में 1 किमी. से 0.2 किमी. की दूरी पर में सीमा के बाहर चलती है। इसके बाद सीमा पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 17 से पारिस्थितिकी-संवेदी जोन बिंदु सं. 1 उ-20° 19'59.2" पू-86°45'39" दक्षिण-पूर्व और फिर उत्तर पूर्व दिशा में चलती है और 0.2 किमी. से 0.05 किमी. में स्टेशन नंबर 1 के साथ विलय हो जाती है।

उत्तर : भद्रक जिले के चांदबली, धामारा और व्हीलर द्वीप (डीआरडीओ)


पूर्व : बंगाल की खाड़ी

दक्षिण : बंगाल की खाड़ी, पारादीप पोर्ट

पश्चिम : महाकालपाडा और पट्टामुंडई

उपाबंध – IIक

भारतीय सर्वेक्षण (एसओआई) टोपोशीट पर मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य, गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी-संवेदी जोन का मानचित्र




Reference Points Along the ESZ Boundary

Points	Latitude			Longitude		
	Deg	Min	Sec	Deg	Min	Sec
1	20	19	59.2	86	45	39
2	20	16	33.5	86	56	11.82
3	20	24	39.5	87	1	12.32
4	20	38	24.7	87	16	58.97
5	20	43	33.4	87	18	18.71
6	20	48	2.96	87	8	1.84
7	20	45	1.11	87	3	31.31
8	20	47	43.6	86	58	5.34
9	20	48	1.55	86	56	58.35
10	20	47	3.43	86	49	13.23
11	20	44	30.2	86	38	58.77
12	20	37	46.6	86	39	28.09
13	20	34	32.9	86	41	26.86
14	20	27	34.8	86	39	48.18
15	20	23	37.6	86	43	33.72
16	20	20	7.19	86	41	53.66
17	20	19	30.2	86	43	22.94

उपाबंध – IIख

भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य, गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी-संवेदी जोन का पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के चारों ओर मानचित्र




Reference Points Along the ESZ Boundary

Points	Latitude			Longitude		
	Deg	Min	Sec	Deg	Min	Sec
1	20	19	59.2	86	45	39
2	20	16	33.5	86	56	11.82
3	20	24	39.5	87	1	12.32
4	20	38	24.7	87	16	58.97
5	20	43	33.4	87	18	18.71
6	20	48	2.96	87	8	1.84
7	20	45	1.11	87	3	31.31
8	20	47	43.6	86	58	5.34
9	20	48	1.55	86	56	58.35
10	20	47	3.43	86	49	13.23
11	20	44	30.2	86	38	58.77
12	20	37	46.6	86	39	28.09
13	20	34	32.9	86	41	26.86
14	20	27	34.8	86	39	48.18
15	20	23	37.6	86	43	33.72
16	20	20	7.19	86	41	53.66
17	20	19	30.2	86	43	22.94

उपाबंध – IIग

भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य, गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी-संवेदी जोन का पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के चारों ओर अवस्थान मानचित्र



उपाबंध -III

सारणी क: भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य, गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के साथ मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

क्र. सं.	सीमा	अक्षांश	देशांतर
01	भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य, गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य	20°20'49.62"	86°46'22.66"
02		20°17'31.96"	86°56'14.26"
03		20°25'00.00"	87°00'45.00"
04		20°38'37.00"	87°16'27.00"
05		20°42'49.00"	87°17'36.00"
06		20°46'58.00"	87°08'05.00"
07		20°43'52.26"	87°02'43.06"
08		20°46'58.02"	86°56'43.08"
09		20°46'12.64"	86°49'56.45"
10		20°45'41.70"	86°42'22.71"
11		20°41'22.41"	86°41'08.01"
12		20°38'27.88"	86°40'21.43"
13		20°34'06.75"	86°42'30.18"
14		20°29'14.00"	86°41'29.71"
15		20°26'17.44"	86°43'27.08"
16		20°23'39.47"	86°43'37.02"
17		20°22'15.55"	86°42'41.13"
18		20°20'09.07"	86°42'00.27"
19		20°19'24.03"	86°43'25.38"
20		20°19'27.36"	86°45'07.89"

IndiaCode

सारणी ख: पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के संरक्षित क्षेत्र के भू-निर्देशांक

पारिस्थितिकी-संवेदी जोन सीमा के साथ निर्देश बिंदु						
बिंदु	अक्षांश			देशांतर		
	डिग्री	मिनट	सेकेण्ड	डिग्री	मिनट	सेकेण्ड
1	20	19	59.2	86	45	39
2	20	16	33.5	86	56	11.82

3	20	24	39.5	87	1	12.32
4	20	38	24.7	87	16	58.97
5	20	43	33.4	87	18	18.71
6	20	48	2.96	87	8	1.84
7	20	45	1.11	87	3	31.31
8	20	47	43.6	86	58	5.34
9	20	48	1.55	86	56	58.35
10	20	47	3.43	86	49	13.23
11	20	44	30.2	86	38	58.77
12	20	37	46.6	86	39	28.09
13	20	34	32.9	86	41	26.86
14	20	27	34.8	86	39	48.18
15	20	23	37.6	86	43	33.72
16	20	20	7.19	86	41	53.66
17	20	19	30.2	86	43	22.94

IndiaCode

उपाबंध -IV

भीतारकनिका राष्ट्रीय उद्यान, भीतारकनिका वन्यजीव अभयारण्य और गाहिरमाथा (समुद्री) वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

